Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

Tear Here

No. of Questions – 23

**SS–13–Hist.**

No. of Printed Pages – 11 + India Outline Map

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2023

## SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2023

## इतिहास

## HISTORY

समय : 3 घण्टे 15 मिनट

पूर्णांक : 80

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

**GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

All the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

यहाँ से काटिए

5) प्रश्न – पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।

If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

Write down the serial number of the question before attempting it.

## खण्ड – अ

## Section – A

**1)** बहुविकल्पी प्रश्न : निम्न प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर–पुस्तिका में लिखिए।

Multiple Choice Questions: Answer the following questions by selecting the correct option and write them in the answer sheet.

i) सिन्धु सभ्यता का स्थल, बनावली, निम्न में से किस राज्य में स्थित है? **[1]**

अ) हरियाणा ब) राजस्थान

स) पंजाब द) गुजरात

Banawali, the site of the Indus Civilization, is located in which of the following states?

A) Haryana B) Rajasthan

C) Punjab D) Gujarat

ii) किस राज्य को प्राचीन काल में मगध कहा जाता था? **[1]**

अ) राजस्थान ब) बिहार

स) गुजरात द) महाराष्ट्र

Which state was called Magadha in ancient times?

A) Rajasthan B) Bihar

C) Gujarat D) Maharastra

iii) हस्तिनापुर का उत्खनन कार्य किस पुरातत्ववेता द्वारा किया गया? **[1]**

अ) एम. के. सुण्डा    ब) आर. के. रैवाड़

स) बी. बी. लाल    द) जी. के. शर्मा

The excavation work of Hastinapur was done by which archaeologist?

A) M.K. Sunda    B) R.K. Raiwar

C) B.B. Lal    D) G.K. Sharma

iv) कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी की दरगाह कहां स्थित है? **[1]**

अ) अजमेर    ब) पटना

स) पानीपत    द) दिल्ली

Where is Qutubuddin Bakhtiyar Kaki's Dargah situated?

A) Ajmer    B) Patna

C) Panipat    D) Delhi

v) हम्पी को राष्ट्रीय स्थल के रूप में मान्यता कब मिली? **[1]**

अ) 1976    ब) 1977

स) 1978    द) 1979

When did Hampi get recognition as a national site?

A) 1976    B) 1977

C) 1978    D) 1979

vi) विजयनगर साम्राज्य में सेना प्रमुखों को क्या कहा जाता था? **[1]**

अ) राय ब) नायक

स) ख्वाजा द) सुलतान

What were the army chiefs called in the Vijayanagara Empire?

A) Raya B) Nayaka

C) Khwaja D) Sultan

vii) 'आइन–ए–अकबरी' पुस्तक का लेखक कौन था? **[1]**

अ) अबुल फजल ब) इब्न बतूता

स) अल–बिरूनी द) बर्नियर

Who was the author of the book 'Ain-i-Akbari'?

A) Abul Fazal B) Ibn Battuta

C) Al-Biruni D) Bernier

viii) मुगल वंश का अंतिम शासक कौन था? **[1]**

अ) अकबर ब) बहादुरशाह जफर

स) जहाँगीर द) शाहजहाँ

Who was the last ruler of Mughal dynasty?

A) Akbar B) Bahadur Shah Zafar

C) Jahangir D) Shah Jahan

ix) अंग्रेजों द्वारा अवध का अधिग्रहण किस वर्ष किया गया? **[1]**

अ) 1854 ब) 1855

स) 1856 द) 1857

In which year Awadh was acquired by the British?

A) 1854 B) 1855

C) 1856 D) 1857

x) प्रांतीय संसदों के गठन के लिए पहली बार चुनाव कब कराये गये? **[1]**

अ) 1930 ब) 1933

स) 1939 द) 1937

In which year, elections to the provincial legislatures were held for the first time?

A) 1930 B) 1933

C) 1939 D) 1937

xi) प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे? **[1]**

अ) बी. आर. अम्बेडकर ब) राजेन्द्र प्रसाद

स) एस. एन. मुखर्जी द) के. एम. मुंशी

Who was the chairman of the Drafting committee?

A) B. R. Ambedkar B) Rajendra Prasad

C) S.N. Mukherjee D) K.M. Munshi

xii) रॉयल इंडियन नेवी के सिपाहियों का विद्रोह कब हुआ? **[1]**

अ) 1942 ब) 1946

स) 1939 द) 1936

When did the sepoys of the Royal Indian Navy revolt?

A) 1942 B) 1946

C) 1939 D) 1936

**2)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

Fill in the blanks :

i) चाणक्य मौर्य शासक ................. के मंत्री थे। **[1]**

Chanakya was the minister of Maurya ruler ___________.

ii) शक शासक रूद्रदामन द्वारा .............. सरोवर का जीर्णोद्धार करवाया गया। **[1]**

__________ lake was rebuilt by the Shaka ruler Rudradaman.

iii) इब्न बतूता के यात्रा वृतांत का नाम ............... है। **[1]**

The name of Ibn Battuta's travelogue is ____________.

iv) शेख निजामुद्दीन औलिया के अनुयायी उन्हें ................. कहकर संबोधित करते थे। **[1]**

The disciples of Nizamuddin Auliya addressed him as ____________.

v) 1756 में बंगाल के नवाब ............... ने कलकत्ता पर हमला किया। **[1]**

_____________, the Nawab of Bengal, attacked Calcutta in 1756.

**3)** **अति लघुत्तरात्मक प्रश्न : निम्न प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक पंक्ति में दीजिए।**

Very short answer type questions : Answer the following questions in one word or one line.

i) कैबिनेट मिशन को भारत क्यों भेजा गया? **[1]**

Why was the Cabinet Mission sent to India?

ii) महात्मा गांधी ने दलित जातियों के लिए पृथक निर्वाचन की मांग का विरोध क्यों किया? **[1]**

Why did Mahatma Gandhi oppose the demand of separate electorates for Depressed castes?

iii) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 356 में क्या प्रावधान किया गया है? **[1]**

What provision has been made in Article 356 of the Indian Constitution?

iv) भारतीय संविधान निर्माण में किन दो प्रशासनिक अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा? **[½+½=1]**

Which two administrative officers had an important contribution in the making of Indian constitution?

v) सिंधु घाटी सभ्यता के निवासियों के लिए सेलखड़ी पत्थर की क्या उपादेयता थी? **[1]**

What was the utility of steatite stone for the inhabitants of the Indus Valley Civilization?

vi) 1920 के दशक में भारत में साम्प्रदायिक तनाव के कोई दो कारण लिखिए। **[½+½=1]**

Write any two causes of communal tension in India of 1920s.

vii) प्रयाग प्रशस्ति की रचना किस भाषा में की गई? **[1]**

In which language was Prayaga Prashasti composed?

viii) नयनार कौन थे? **[1]**

Who were the Nayanars?

ix) तालीकोटा के युद्ध का अन्य नाम क्या है? **[1]**

What was the other name of Battle of Talikota?

x) एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल की स्थापना किसने की? **[1]**

Who founded the Asiatic Society of Bengal?

xi) गेटवे ऑफ इंडिया किस स्थापत्य शैली का उदाहरण है? **[1]**

The Gateway of India is an example of which architectural style?

xii) जलियाँवाला बाग हत्याकांड कब हुआ? **[1]**

When did the Jallianwala Bagh massacre take place?

## खण्ड – ब

## Section – B

लघुत्तरात्मक प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग 50 शब्द)

Short answer type questions : (Answer word limit approx. 50 words)

**4)** प्राचीन काल में चाण्डाल कौन होते थे? **[2]**

Who were the Chandals in ancient times?

**5)** बौद्ध दर्शन की किन्हीं दो महत्वपूर्ण मान्यताओं का उल्लेख कीजिए। **[1+1=2]**

Mention any two important beliefs of Buddhist Philosophy.

**6)** पंच महाव्रत से आप क्या समझते हैं? **[2]**

What do you understand by Panch Mahavrata?

**7)** स्तूप को परिभाषित कीजिए। **[2]**

Define Stupa.

**8)** बर्नियर ने मुगलकालीन शहरों को 'शिबिर नगर' क्यों कहा? **[2]**

Why has Bernier called Mughal cities as 'Camp Cities'?

**9)** इब्नबतूता से मुहम्मद बिन तुगलक द्वारा कौन–कौन सी जिम्मेदारियां दी गई? **[1+1=2]**

What responsibilities were given to Ibn Battuta by Muhammad bin Tughlaq?

**10)** कृष्णदेव राय की किन्हीं दो विजयों का वर्णन कीजिए। **[1+1=2]**

Describe any two victories of Krishnadeva Raya.

**11)** 'मंजिल–आबादी' और 'सिपह–आबादी' से आप क्या समझते हैं? **[1+1=2]**

What do you understand by 'Manzil-abadi' and 'Sipah-abadi'?

**12)** **अकबर के शासनकाल में भूमि का वर्गीकरण कितने भागों में किया गया? किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए।** **[1+½+½=2]**

Into how many parts was the land classified during the reign of Akbar? Mention any two.

**13)** **अबुल फजल की हत्या कब और किसने की?** **[1+1=2]**

When and who killed Abul Fazal?

**14)** **इस्तमरारी बंदोबस्त के संबंध में 'सूर्यास्त कानून' क्या था?** **[2]**

What was the 'Sunset law' regarding permanent settlement?

**15)** **संथाल विद्रोह के कोई दो कारण लिखिए।** **[1+1=2]**

Write any two causes of Santhal Rebellion.

**16)** **मुस्लिम लीग ने कैबिनेट मिशन के प्रस्तावों को अस्वीकार क्यों कर दिया?** **[2]**

Why did the Muslim League reject the proposals of the cabinet mission?

## खण्ड – स

## Section – C

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग 100 शब्द)**

Long answer type questions : (Answer word limit approx. 100 words)

**17)** **सिद्ध कीजिए कि औपनिवेशिक शहर नए शासकों की वाणिज्यिक संस्कृति को प्रतिबिम्बित करते थे।** **[3]**

Prove that the colonial cities reflected the commercial culture of the new rulers.

**18)** 1857 **के विद्रोह में मौलवी अहमदुल्ला शाह के योगदान का उल्लेख कीजिए।** **[3]**

Mention the contribution of Maulvi Ahmadullah shah in the revolt of 1857.

**19)** **कबीर के मुख्य उपदेशों का वर्णन कीजिए।** **[3]**

Describe the main teachings of Kabir.

**20)** **मेगस्थनीज द्वारा उल्लेखित मौर्यकालीन सैन्य प्रशासन का वर्णन कीजिए।** **[3]**

Describe the Mauryan Military administration mentioned by Megasthenes.

## खण्ड – द

## Section – D

**निबंधात्मक प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग** 250 **शब्द)**

Essay type questions : (Answer word limit approx. 250 words)

**21)** **सिंधु घाटी सभ्यता के गृह स्थापत्य पर प्रकाश डालिए।** **[4]**

Throw light on the Domestic architecture of the Indus Valley Civilization.

OR/**अथवा**

**मोहनजोदड़ो के विशाल स्नानागार की बनावट व महत्व पर प्रकाश डालिए।**

Throw light on the design and importance of the great bath of Mohenjodaro.

**22)** **असहयोग आन्दोलन का मूल्यांकन कीजिए।** **[4]**

Evaluate the non-cooperation movement.

OR/**अथवा**

**सिद्ध कीजिए कि स्वतंत्रता बाद के महीने महात्मा गांधी के जीवन के 'श्रेष्ठतम क्षण' थे।**

Prove that the months after Independence were the 'Finest hour' of Mahatma Gandhi's life.

**23)** **भारत के रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित ऐतिहासिक स्थलों को अंकित कीजिए:** **[5×1=5]**

अ) गुजरात    ब) कलकत्ता

स) बनारस    द) झांसी

य) दिल्ली

Mark the following Historical places in the outline map of India :

a) Gujarat    b) Calcutta

c) Benares    d) Jhansi

e) Delhi

OR/अथवा

**भारत के रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित ऐतिहासिक स्थलों को अंकित कीजिए :**

अ) बम्बई    ब) आगरा

स) कटक    द) अहमदाबाद

य) मेरठ

Mark the following Historical places in the outline map of India :

a) Bombay    b) Agra

c) Cuttack    d) Ahmedabad

e) Meerut

❄ ❄ ❄

DO NOT WRITE ANYTHING HERE

Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**SS–13–Hist.**

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2023

## SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2023

## इतिहास

## HISTORY

